उदासीनता

कुम्भकर्णीय निंद्रा में लीन है खाद्य सुरक्षा विभाग, खुलेआम बिक रही संदिग्ध मिठाइयां

# बाजार में नकली खोवा की मिठाइयों से सज रहीं दुकानें





**मानपुर नवभारत 8 सितंबर।** बाजार में त्यौहारों पर मांग बढ़ने के साथ मिठाइयों की दुकानें सज गई हैं, लेकिन इनके बीच नकली खोवा और मिलावटी सामग्री से तैयार मिठाइयों की बिक्री को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। दुकानों पर मिठाइयां धड़ल्ले से बिक रही हैं, जबकि खाद्य सुरक्षा विभाग की नियमित जांच और सैंपलिंग को लेकर लोगों में नाराजगी दिखाई दे रही है।

प्रदेश में हाल के दिनों में नकली मावा और मिलावटी डेयरी उत्पादों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग के द्वारा वर्षो से सेम्पलिंग नहीं की गई है, जबकि इंदौर में बड़ी मात्रा में नकली पनीर और मावा जब्त किए जाने की रिपोर्ट भी सामने आई थी।

### निरीक्षण और सैंपलिंग करनी चाहिए

लोगों का कहना है कि विभाग को केवल शिकायत के बाद दिखावा करने के लिए दो चार दिन सक्रिय होता है, जबकि खाद्य सुरक्षा अधिकारी को बाजार में नियमित बीच-बीच में निरीक्षण और सैंपलिंग करनी चाहिए। जनता का सवाल साफ है कि जब मिलावट का खतरा सामने है तो खाद्य विभाग कुम्भकर्णीय निंद्रा से कब जागेगा?

### सजग अधिकारी नियुक्त करने की मांग

लोगों ने मांग की है कि मिठाई दुकानों और खोवा कारोबारियों की तत्काल जांच कर संदिग्ध सामग्री के नमूने लिए जाएं तथा रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि त्यौहार की मिठास लोगों की सेहत पर भारी नहीं पड़े। कलेक्टर से मांग की गई है कि सुस्त अधिकारी को हटाकर अपने दायित्व का निर्वाहन करने वाले अधिकारी की नियुक्ति की जाए।

**खाद्य सुरक्षा अधिकारी फोन के जरिये ही कर रही जांच**

मानपुर में रक्षाबंधन के समय नकली खोवा की मिठाइयां जमकर बेची गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एक दिन भी निरीक्षण करने मानपुर नहीं आयी। सूत्र बताते है कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी फोन के माध्यम से ही जांच का पूरा हिसाब करती है। इसके बावजूद स्थानीय बाजारों में यदि बिना जांच के संदिग्ध खोवा से बनी मिठाइयां बिक रही हैं तो यह खाद्य सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

## कसेरू-बमेरा मार्ग पर 50 हाथियों की मौजूदगी

**नवभारत चिल्हारी 8 सितंबर।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लगे ग्रामीण क्षेत्रों मे जंगली हाथियों की बढ़ती आवाजाही किसानों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। सोमवार देर शाम कसेरू-बमेरा मार्ग पर करीब 50 जंगली हाथियों का झुंड पहुंचने की सूचना से आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वर्तमान में भी कई हाथी खेतों में मौजूद बताए जा रहे हैं। इससे पहले रविवार की रात पनपथा रेंज के कसेरू गांव में एक दर्जन से अधिक हाथी करीब रात 2 बजे दाखिल हुए थे। हाथियों ने खेतों में खड़ी फसलों को रौंदकर नुकसान पहुंचाया। कसेरू-बमेरा के अलावा मझौली, कुसमा, बगैहा-बरवाही, बकेली-उमरिया, कोठिया और सेजवाही क्षेत्रों में भी हाथियों की लगातार गतिविधियां सामने आ रही हैं। एक ओर वन विभाग की टीम हाथियों की निगरानी कर रही है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। वहीं लगातार गांवों और खेतों की ओर हाथियों के पहुंचने से मानव-हाथी संघर्ष की आशंका बढ़ गई है।



## आबकारी विभाग ने गांवों से हाथ भट्टी मदिरा और महुआ लाहन किया जब्त

**मानपुर, चिल्हारी, नवभारत 8 सितंबर।** कलेक्टर राखी सहाय ने अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, विक्रय, एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा शासन के राजस्व हित ज नस्वास्थ्य तथा लोकहित की दृष्टि से विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिए थे।

निर्देश के परिपालन में जिला आबकारी अधिकारी ममता अहिरवार के मार्गदर्शन में आबकारी वृत-मानपुर एवं वृत्त नौरोजाबाद के ग्राम ताला, चिल्हारी, महरोई, खेरवा, पलझा, देवगवां, बंधवाटोला, चंगेरा में कुल 25 लीटर हाथभट्टी मदिरा, 690 किग्रा महुआ लाहन जब्त कर कुल 14 प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत कायम कर विवेचना में लिया गया। जप्त शराब की अनुमानित कीमत लगभग रुपये 72750 आंकलित की गई है। आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के संबंध में लगातार सूचनाए एकत्रित करते हुए निरंतर कार्यवाही की जा रही है।

# गर्म चिमटा महिला की उंगलियों पर दागा, बनाया बंधक



सोधनिया होने के शक में इंसानियत को किया गया शर्मसार, बाल पकड़कर घसीटा गया

**उमरिया नवभारत 8 सितंबर।** अंधविश्वास की आड़ में इंसानियत को शर्मसार करने वाला सनसनीखेज मामला कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम रोहनिया से सामने आया है।

पीड़िता सरोज बाई बैगा ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसे 'सोधनिया' यानी कथित डायन होने के शक में जबरन घर में घुसकर बंधक बना लिया गया। इसके बाद उसके बाल पकड़कर घसीटा गया, बेरहमी से मारपीट की गई और गर्म चिमटे से उंगलियां दागने का आरोप है। इतना ही नहीं, महिला और उसके पति मुकेश बैगा को कथित तौर पर पिकअप वाहन में बैठाकर नयागांव स्थित पंडा के पास ले जाया गया।

### मारपीट भी की गई

पीड़िता के मुताबिक 30 अगस्त की शाम करीब 5 बजे वह घर के पास रास्ते में थी। इसी दौरान कौशिल्या बाई उसे काम के बहाने अपने घर के भीतर ले गई। शिकायत के अनुसार वहां निरंजन सिंह, बिहारी सिंह, वीरेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे। आरोप है कि अंदर पहुंचते ही उसे पकड़ लिया गया और बाल खींचकर जमीन पर घसीटते हुए मारपीट की गई।

### पति मुकेश बैगा को भी बुलाया गया

इसके बाद गर्म चिमटे से उसकी उंगलियां छुआकर दागी गईं और 'सोधनिया' होने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज की गई। शिकायत में बताया गया है कि कथित बंधक बनाए जाने के बाद उसके पति मुकेश बैगा को भी वहां बुलाया गया। दोनों को पिकअप में बैठाकर नयागांव के एक पंडा के पास ले जाया गया।

### पति का मोबाइल भी छीन लिया

पीड़िता का दावा है कि पंडा ने उसे 'सोधनिया' नहीं बताया, जिसके बाद दोनों को वापस लाया गया। रास्ते में पति का मोबाइल भी कथित तौर पर छीन लिया गया, ताकि वह किसी से संपर्क न कर सके। महिला का आरोप है कि घटना उजागर करने या पुलिस में शिकायत करने पर उसे और उसके पति को जान से खत्म करने की धमकी दी गई तथा मामला दबाने के लिए पैसों का लालच भी दिया गया।

### पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की

पीड़िता के अनुसार उसने उमरिया थाने में लिखित शिकायत दी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। अब उसने एसपी से निष्पक्ष जांच, आरोपियों पर कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। शिकायत में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि फिलहाल नहीं हुई है।

## पूर्व सांसद संदीप दीक्षित का उत्साह के साथ किया स्वागत

**दिल्ली से डिंडोरी जाते समय रेस्ट हाउस में रुके कांग्रेस नेता**

**शहपुरा नवभारत 8 सितंबर।** दिल्ली से डिंडोरी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद संदीप दीक्षित का मंगलवार को शहपुरा रेस्ट हाउस में अल्प प्रवास हुआ।

उनके शहपुरा पहुंचने की जानकारी मिलते ही कांग्रेस पदाधिकारी, नेता, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में रेस्ट हाउस पहुंचे और गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद संदीप दीक्षित को पुष्पहार पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।



इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया।

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटी**-दीक्षित ने भी उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों से आत्मीय मुलाकात कर उनका अभिवादन स्वीकार किया। उनके अल्प प्रवास के दौरान रेस्ट हाउस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। पूर्व सांसद के आगमन से स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह और नई ऊर्जा का संचार देखने को मिला।

**इनकी रही उपस्थिति**-स्वागत के दौरान डिंडोरी प्रभारी झले लाल जैन, ब्लॉक अध्यक्ष संजय राय, ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गा साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कृष्णा उरेती, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश गुप्ता, संगठन मंत्री राजेंद्र गुप्ता, जिला प्रवक्ता रघुनंदन पांडे, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रेवा झारिया एवं सोशल मीडिया प्रभारी संजय दुबे सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जलाशयों की सुरक्षा और सिंचाई व्यवस्था का निरीक्षण

**मुख्य अभियंता जल संसाधन ने सिंचाई योजनाएं देखीं**

**डिंडौरी, नवभारत 8 सितंबर।** सीडीएसई के अंतर्गत मुख्य अभियंता, गंगा कछार जल संसाधन विभाग रीवा वीके मंडलोई द्वारा 6 सितंबर को डिंडौरी जिले की विभिन्न सिंचाई योजनाओं एवं जलाशयों का स्थल निरीक्षण किया गया। उन्होंने रहंगी, रैयपुरा, बरगाटोला, अमरपुर, भगनवारा, मोहदा, चटुवा एवं सुरसाटोला सहित 8 जलाशयों का निरीक्षण कर जल निकासी व्यवस्था, नहर तंत्र एवं सिंचाई सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता ने संबंधित



अधिकारियों से जलाशयों की जल संग्रहण क्षमता, वर्तमान जल उपलब्धता, नहरों के संचालन एवं संधारण तथा किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सिंचाई सुविधा की जानकारी ली।

**बांध सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर जोर**-मुख्य अभियंता ने बांध सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्पिलवे, गेट एवं होइस्टिंग व्यवस्था, जल निकासी संरचनाओं, अपस्ट्रीम-डाउनस्ट्रीम क्षेत्र, बांध की ढाल एवं नालियों सहित अन्य महत्वपूर्ण संरचनाओं का नियमित निरीक्षण एवं आवश्यक संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में गड़बड़ी का आरोप

**ग्रामीणों ने कलेक्टर से की जांच की मांग**

**उमरिया नवभारत 8 सितंबर।** जिले के ग्राम पंचायत कछरवार, थाना उमरिया के ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की सूची में कथित अनियमितता का आरोप लगाते हुए कलेक्टर उमरिया को लिखित शिकायत सौंपी है।

ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। शिकायत में ग्रामीणों ने



आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत में पीएम आवास योजना के सर्वे के दौरान करीब 900 से 920 लोगों के नाम सूची में आए थे। आरोप है कि जांच के बाद सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक के मार्गदर्शन में कई पात्र एवं गरीब हितग्राहियों के नाम सूची से काट दिए गए।

### सूची निरस्त कर पुन: सर्वे की मांग

ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि पीएम आवास योजना की वर्तमान सूची को निरस्त कर पुन: सर्वे कराया जाए, ताकि वास्तविक पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सके। साथ ही शिकायत में संबंधित कर्मचारियों की भूमिका की जांच कर दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। अब देखना होगा कि शिकायत के बाद प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

### योजना में अपात्र लोगों के नाम जोड़े गए

ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि नई सूची तैयार करते समय कुछ ऐसे लोगों के नाम जोड़ दिए गए, जो कथित तौर पर योजना के लिए अपात्र हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि कुछ ऐसे हितग्राहियों के नाम दोबारा जोड़े गए हैं, जिनके माता-पिता अथवा पति को पूर्व वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल चुका है।

# तय समय सीमा में किया जाए समस्याओं का निराकरण

**कलेक्टर के निर्देश पर आवेदनों के परीक्षण के लिए पूरा अमला लगा**

**डिंडौरी नवभारत 8 सितंबर।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। कलेक्टर ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन का परीक्षण कर समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




जनसुनवाई में विकासखंड समनापुर के ग्राम पंचायत फिटारी के पोषक ग्राम रंजरा के ग्रामीणों ने नल-जल योजना के तहत ग्राम के सभी मोहल्लों में पाइपलाइन बिछाकर पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम मानिकपुर निवासी श्रीमती लीला बाई ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनके पिता की मृत्यु के बाद उनकी पैतृक संपत्ति का उनके बिना जानकारी के फौती नामांतरण किया गया है। उन्होंने पुन: फौती नामांतरण कराकर भूमि में अपने हक एवं हिस्से का अधिकार दिलाने की मांग की। कलेक्टर ने एसडीएम को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

वार्ड क्रमांक 4 निवासी कौशिल्या कांस्कार ने आवेदन प्रस्तुत कर अनावेदिका प्रीति कांस्कार द्वारा उनके पट्टे की भूमि पर बने मकान पर जबरन कब्जा किए जाने की शिकायत की। कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद डिंडौरी को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## शासकीय कर्मचारियों के स्थास्थ्य की जांच शुरू

**डिंडौरी में स्वास्थ्य विभाग बना रहा विभागवार रोस्टर**

**डिंडौरी नवभारत 8 सितंबर।** आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण का विभागवार रोस्टर तैयार कर स्वास्थ्य परीक्षण अभियान शुरू किया गया है। इसी क्रम में आज तहसील कार्यालय बजाग में राजस्व विभाग के कर्मियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी सहित अन्य कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर संतुलित



आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में आवश्यक परामर्श दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कार्यालयीन व्यस्तताओं के कारण अधिकारी-कर्मचारी कई बार नियमित स्वास्थ्य जांच नहीं करा पाते हैं।

**बन रहे हैल्थ कार्ड**- शिविर में परीक्षण किए गए कर्मचारियों के हेल्थ कार्ड तैयार किए जा रहे हैं, जिससे भविष्य में स्वास्थ्य संबंधी फॉलोअप किया जा सकेगा। यह अभियान आगामी दिनों में महिला एवं बाल विकास, कृषि, शिक्षा, पंचायत सहित अन्य विभागों में भी रोस्टर के अनुसार जारी रहेगा। इस पहल का उद्देश्य शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान एवं आवश्यक उपचार के लिए उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है।



## पर्यटन विभाग के अध्यक्ष गोंटिया ने बैठक में दिए निर्देश

**शाहपुरा में स्वागत के लिए पहुंचे पंकज तिकाम**

**शहपुरा नवभारत 8 सितंबर।** भारतीय जनता पार्टी के मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग के अध्यक्ष विनोद गोंटिया का अल्प प्रवास पर शहपुरा आगमन हुआ। इस दौरान स्थानीय रेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। गोंटिया के शहपुरा पहुंचने की जानकारी मिलते ही दोनों मंडलों के कार्यकर्ता रेस्ट हाउस पहुंचे और उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

स्वागत कार्यक्रम में भाजपा शहपुरा मंडल एवं मानिकपुर मंडल के दोनों मंडलों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने विनोद गोंटिया से मुलाकात कर क्षेत्र एवं संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान पार्टी की आगामी गतिविधियों और संगठन को मजबूत करने को लेकर भी कार्यकर्ताओं के बीच उत्साह नजर आया। कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज तिकाम की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भी स्वागत किया।


अभियान

जन विश्वास अभियान के तहत अमरपुर में शिविर 11 को, ग्रामीणों से करेंगे सीधा संवाद

# गांव-गांव पहुंचेंगे अधिकारी, योजनाओं की परखेंगे हकीकत

**नवभारत चिल्हारी 8 सितंबर।** जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने और आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले में यह अभियान 8 जनवरी तक जारी रहेगा।

कलेक्टर राखी सहाय ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनसंवाद शिविर में शामिल होने से पहले वे संबंधित ग्रामों एवं शहरी वार्डों में पहुंचकर अपने-अपने विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों, छात्रावासों, विद्यालयों, अस्पतालों, उचित मूल्य दुकानों सहित अन्य शासकीय एवं सार्वजनिक संस्थानों का निरीक्षण करें।




### आमजन को मिल रही सुविधाओं का लेंगे जायजा

निरीक्षण के दौरान अधिकारी व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति, आमजन को मिल रही सुविधाओं तथा शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत का जायजा लेंगे। इसके बाद अधिकारी दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित रहकर निरीक्षण के दौरान सामने आई स्थिति की विस्तृत जानकारी साझा करेंगे।

### ग्रामीणों की सुनीं जाएंगी समस्याएं

शिविर के दौरान विभागीय अधिकारियों द्वारा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के साथ ही ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, शिकायतों और स्थानीय स्तर की जरूरतों को समझने का प्रयास किया जाएगा। जनसंवाद का उद्देश्य केवल योजनाओं की जानकारी देना ही नहीं, बल्कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंच रहा है या नहीं, इसकी वास्तविक स्थिति सामने लाना भी है। अधिकारियों द्वारा मौके पर प्राप्त समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

### कई ग्रामों में पहुंचेगा अधिकारियों का दल

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत 11 सितंबर को मानपुर विकासखंड के अमरपुर में शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर से पहले अधिकारियों द्वारा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर शासकीय योजनाओं एवं मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया जाएगा। अधिकारियों का दल अमरपुर, मझोखर, खलौंध, कोटरी, टिकुरी, देवगवां, बड़छड़, बचहा, सलैया, मुड़गुड़ी, असोढ़ एवं महरोई सहित संबंधित ग्रामों में पहुंचेगा।